**भारत सरकार**
**रेल मंत्रालय**

**लोक सभा**
**04.08.2021 के**
**तारांकित प्रश्न सं. 237 का उत्तर**

**सिलपाथर-बामे (एलोंग) रेल लाइन**

***237. श्री प्रदान बरुवा:**

**क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

**(क) क्या सरकार ने सिलपाथर-बामे (एलोंग) से एक नई बड़ी रेल लाइन आरंभ की है; और**

**(ख) यदि हां, तो आमान, लंबाई तथा सम्मिलित राज्यों सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?**

**उत्तर**

**रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री**
**(श्री अश्विनी वैष्णव)**

**(क) और (ख): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।**

*********

**सिलपाथर-बामे (एलोंग) रेल लाइन के संबंध में दिनांक 04.08.2021 को लोक सभा में श्री प्रदान बरुवा द्वारा पूछे जाने वाले तारांकित प्रश्न सं.237 के भाग (क) और (ख) के उत्तर से संबंधित विवरण।**

**(क) और (ख): रक्षा मंत्रालय ने पूर्वोत्तर क्षेत्र में पड़ने वाली सिलपाथर-बामे-एलोंग बड़ी आमान लाइन के विस्तृत अध्ययन के लिए पहचान की है। तदनुसार, अंतिम स्थान निर्धारण सर्वेक्षण और विस्तृत परियोजना रिपोर्ट की तैयारी शुरू कर दी गई है। फील्ड सर्वेक्षण के अनुसार, सिलपाथर-बामे-एलोंग नई बड़ी आमान लाइन की कुल लंबाई 96.25 किलोमीटर है।**

**यह संरेखण असम और अरुणाचल प्रदेश से होकर गुजरता है। यह परियोजना स्वीकृत नहीं है।**

*****